## अध्याय - 7 | मानव स्वास्थ्य और रोग

**QUIZ PART-03**

1. **सामान्य जुकाम का रोगकारक कौन-सा विषाणु है?**
   A. इन्फ्लूएंजा वायरस
   B. राइनोवायरस
   C. डेंगू वायरस
   D. कोरोना वायरस (B)

*व्याख्या:* सामान्य जुकाम (Common Cold) का कारण राइनोवायरस होता है, जो श्वसन पथ को प्रभावित करता है और खाँसी, बुखार व नाक बंद होने जैसे लक्षण उत्पन्न करता है।

2. **सामान्य जुकाम का संक्रमण कैसे फैलता है?**
   A. दूषित भोजन से
   B. मच्छरों के काटने से
   C. संक्रमित व्यक्ति की छींक या खाँसी से
   D. जल द्वारा (C)

*व्याख्या:* यह रोग संक्रमित व्यक्ति के खाँसने या छींकने से उत्पन्न ड्रॉपलेट्स (droplets) और दूषित वस्तुओं के संपर्क से फैलता है।

3. **कोविड-19 रोग का कारण बनने वाला विषाणु कौन है?**
   A. H1N1 वायरस
   B. SARS-CoV-2
   C. मंकीपॉक्स वायरस
   D. पोलियो वायरस (B)

*व्याख्या:* कोविड-19 (COVID-19) का कारण SARS-CoV-2 वायरस है, जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है और तेज बुखार, खाँसी, गंध की कमी और सांस की तकलीफ जैसे लक्षण उत्पन्न करता है।

4. **कोविड-19 की पुष्टि किस जांच से की जाती है?**
   A. एंटीजन टेस्ट
   B. ELISA टेस्ट
   C. PCR टेस्ट
   D. मोंटेक्स टेस्ट (C)

*व्याख्या:* कोविड-19 की पुष्टि PCR (Polymerase Chain Reaction) टेस्ट द्वारा की जाती है, जो रोगी के नमूने में वायरस के RNA की उपस्थिति ज्ञात करता है।

5. **डेंगू रोग का वाहक कौन है?**
   A. एनोफिलीज मादा मच्छर
   B. एडीज एजिप्टाई मच्छर
   C. क्यूलेक्स मच्छर
   D. सैंड फ्लाई (B)

*व्याख्या:* डेंगू का प्रसार एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा होता है, जो दिन के समय काटता है और फ्लैवी वायरस को वहन करता है।

6. **डेंगू का मुख्य लक्षण क्या है?**
   A. उल्टी और पेट दर्द
   B. जोड़ों व मांसपेशियों में तीव्र दर्द
   C. खाँसी और गले में खराश
   D. त्वचा पर लालिमा (B)

*व्याख्या:* डेंगू में तेज बुखार के साथ जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द होता है, जिसे "हड्डी तोड़ बुखार" भी कहा जाता है।

7. **चिकनगुनिया रोग का कारक कौन है?**
   A. फ्लैवी वायरस
   B. अल्फा वायरस
   C. राइनोवायरस
   D. कोरोना वायरस (B)

*व्याख्या:* चिकनगुनिया अल्फा वायरस (Alphavirus) से होता है, जो एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा फैलता है और जोड़ों में सूजन एवं दर्द उत्पन्न करता है।

8. **पोलियो रोग का कारण बनने वाला विषाणु कौन है?**
   A. एंटेरो वायरस
   B. इन्फ्लूएंजा वायरस
   C. राइनोवायरस
   D. हर्पीज वायरस (A)

*व्याख्या:* पोलियोमाइलाइटिस रोग एंटेरो वायरस (Enterovirus) से होता है, जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है और बच्चों में पक्षाघात का कारण बन सकता है।

9. **पोलियो से बचाव के लिए कौन-सा टीका लगाया जाता है?**
   A. DPT
   B. BCG
   C. OPV
   D. MMR (C)

*व्याख्या:* पोलियो से बचाव के लिए OPV (Oral Polio Vaccine) दी जाती है, जिसे वैज्ञानिक जोनास साल्क और अल्बर्ट सेबिन ने विकसित किया था।

10. **डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका क्या है?**
    A. दवा का सेवन
    B. संक्रमित व्यक्ति से दूरी
    C. मच्छर नियंत्रण और जल जमाव रोकना
    D. एंटीबायोटिक लेना (C)

*व्याख्या:* डेंगू का टीका अभी सर्वसुलभ नहीं है, इसलिए मच्छरों का नियंत्रण, जल का जमाव न होने देना और मच्छरदानी का उपयोग ही सबसे प्रभावी उपाय है।